भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 914

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तमिलनाडु में नर्सिंग कॉलेज

†914. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु के डिंडीगुल सरकारी मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): केंद्र प्रायोजित योजना 'नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देना'- मेडिकल कॉलेजों की सह-अवस्थिति में 157 नए नर्सिंग कॉलेज (सीओएन) की स्थापना के तहत तमिलनाडु के डिंडीगुल में एक नर्सिंग कॉलेज को मंजूरी दी गई है। हालाँकि, तमिलनाडु सरकार से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

*****